14. भारत के बाहर स्थित राज्यों या देशों की चिकित्सीय संस्थाओं द्वारा प्रदत्त चिकित्सीय अर्हताओं को मान्यता ।
15. द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित अर्हताएं रखने वाले व्यक्तियों का नाम दर्ज किए जाने का अधिकार ।
16. पाठ्यक्रमों और परीक्षाओं के सम्बन्ध में जानकारी की अपेक्षा करने की शक्ति ।
17. परीक्षाओं में निरीक्षक
18. परीक्षाओं में परिदर्शक ।
19. मान्यता का वापस लिया जाना ।
20. होम्योपैथी में शिक्षा के न्यूनतम स्तर ।

अध्याय 4

होम्योपैथी का केन्द्रीय-रजिस्टर

खण्ड

21. होम्योपैथी का केन्द्रीय रजिस्टर ।

22. होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर की प्रतियों का दिया जाना ।

23. होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर में रजिस्ट्रीकरण ।

24. वृत्तिक आचरण ।

25. होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर से नामों का हटाया जाना ।

26. होम्योपैथी के केन्द्रीय-रस्जिटर में नामदर्ज व्यक्तियों के विशेषाधिकार ।

27. अतिरिक्त अर्हताओं का रजिस्ट्रीकरण ।

28. होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर में नामदर्ज व्यक्तियों द्वारा निवास तथा चिकित्सा-व्यवसाय के स्थान में परिवर्तन का सूचित किया जाना ।

29. केन्द्रीय परिषद् द्वारा दी जाने वाली जानकारी और उसका प्रकाशन ।

30. जांच आयोग ।

31. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई के लिए परित्राण ।

32. नियम बनाने की शक्ति ।

33. विनियम बनाने की शक्ति ।

प्रथम अनुसूची ।

द्वितीय अनुसूची ।

तृतीय अनुसूची ।

1971 का विधेयक सं० 30

[होम्योपैथी सेंट्रल काउन्सिल बिल, 1971 का हिन्दी अनुवाद]

होम्योपेथी केन्द्रीय परिषद् विधेयक, 1971

[जैसा संयुक्त समिति ने रिपोर्ट किया है]

[जिन शब्दों के नीचे या पार्श्व में रेखाएं खिचीं हैं वे संयुक्त समिति द्वारा दिए गए सुझाव हैं। जहां तारक चिह्न हैं वहां लोप किया गया है।]

होम्योपैथी की एक केन्द्रीय परिषद् के गठन और होम्योपैथी का एक केन्द्रीय रजिस्टर रखे जाने तथा तत्संबद्ध विषयों का उपबन्ध करने के लिये विधेयक

भारत गणराज्य के चौबीसवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

अध्याय 1

प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ।

1. (1) यह अधिनियम होम्योपैथी केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1973 कहा जा सकेगा।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण भारत पर है।

(3) यह किसी राज्य में उस तारीख को प्रवृत्त होगा जिसे केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा उस राज्य के लिए इस निमित्त नियत करे तथा विभिन्न राज्यों के लिए और इस अधिनियम के विभिन्न उपबन्धों के लिए विभिन्न तारीखें नियत की जा सकेंगी।

परिभाषाएं ।

2. (1) इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो —

(क) "बोर्ड" से होम्योपैथी का (किसी भी नाम से ज्ञात) कोई बोर्ड, परिषद्, परीक्षा-निकाय या संकाय अभिप्रेत है जो किसी राज्य सरकार द्वारा, होम्योपथी की चिकित्सीय अर्हताएं प्रदान करने और होम्योपैथी के व्यवसायियों का रजिस्ट्रीकरण करने का विनियमन करने वाली किसी तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन गठित किया गया हो;

(ख) "केन्द्रीय परिषद्" से धारा 3 के अधीन गठित होम्योपैथी की केन्द्रीय परिषद् अभिप्रेत है ;

(ग) "होम्योपैथी का केन्द्रीय-रजिस्टर" से केन्द्रीय परिषद् द्वारा इस अधिनियम के अधीन रखा गया रजिस्टर अभिप्रेत है ;

(घ) "होम्योपैथी" से चिकित्सा की होम्योपैथी पद्धति अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत जीव-रसायनिक उपचारों का उपयोग भी है ;

(ङ) "चिकित्सीय संस्था" से भारत में या बाहर स्थित ऐसी संस्था अभिप्रेत है जो होम्योपैथी में उपाधियां, डिप्लोमें या अनुज्ञप्तियां प्रदान करती है ;

(च) "विहित" से विनियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है ;

(छ) "मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हता" से द्वितीय या तृतीय अनुसूची में सम्मिलित होम्योपैथी की चिकित्सीय अर्हताओं में से कोई अभिप्रेत है;

(ज) "विनियम" से धारा 33 के अधीन बनाया गया कोई विनियम अभिप्रेत है ;

(झ) "होम्योपैथी का राज्य-रजिस्टर" से अभिप्रेत है, ऐसा रजिस्टर या ऐसे रजिस्टर जो किसी राज्य में होम्योपैथी के व्यवसायियों के रजिस्ट्रीकरण का विनियमन करने वाली तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन रखा जाता है या रखे जाते हैं;

(ञ) "विश्वविद्यालय" से भारत में स्थित कोई ऐसा विश्वविद्यालय अभिप्रेत है जो विधि द्वारा स्थापित किया गया है और जिसमें होम्योपैथी का संकाय है तथा इसके अन्तर्गत भारत में स्थित ऐसा विश्वविद्यालय भी है जो विधि द्वारा स्थापित किया गया है और जिसमें होम्योपैथी के शिक्षण, अध्यापन, प्रशिक्षण या अनुसंधान की व्यवस्था है ।

(2) इस अधिनियम में जम्मू-कश्मीर राज्य में अप्रवृत्त किसी विधि के प्रति किसी निर्देश का, उस राज्य के सम्बन्ध में, यह अर्थ लगाया जायेगा कि वह उस राज्य में प्रवृत्त तत्स्थानी विधि, यदि कोई हो, के प्रति निर्देश है ।

अध्याय 2

केन्द्रीय परिषद् और उसकी समितियां

केन्द्रीय परिषद् का गठन

3. (1) केन्द्रीय सरकार, इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, एक केन्द्रीय परिषद्, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा गठित करेगी जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात् :—

(क) प्रत्येक ऐसे राज्य से जिसमें होम्योपैथी का राज्य-रजिस्टर रखा जाता है, पांच से अनधिक उतने सदस्य जितने प्रथम अनुसूची के उपबन्धों के अनुसार केन्द्रीय सरकार द्वारा अवधारित किए जाएं, जो उस रजिस्टर में होम्योपैथी के व्यवसायियों के रूप में नाम दर्ज व्यक्तियों द्वारा अपने में से निर्वाचित किए जाएंगे ;

(ख) प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक-एक सदस्य, जो उस विश्वविद्यालय के होम्योपैथी के (किसी भी नाम से ज्ञात) संकाय या विभाग के सदस्यों द्वारा अपने में से निर्वाचित किया जाएगा :

परन्तु जब तक होम्योपैथी का ऐसा कोई संकाय या विभाग कम से कम सात विश्वविद्यालयों में आरम्भ नहीं हो जाता है केन्द्रीय सरकार भारत के भीतर स्थित चिकित्सीय संस्थाओं के शिक्षण कर्मचारीवृन्द में से सात से अनधिक उतने सदस्य नाम-निर्देशित कर सकेगी जितने केन्द्रीय सरकार द्वारा अवधारित किए जाएं । किन्तु इस खण्ड के अधीन ऐसे नामनिर्दिष्ट और निर्वाचित सदस्यों की कुल संख्या किसी भी दशा में सात से अधिक नहीं होगी ।

(ग) खण्ड (क) और (ख) के अधीन निर्वाचित सदस्यों की कुल संख्या के चालीस प्रतिशत से अनधिक उतने सदस्य जितने केन्द्रीय सरकार द्वारा उन व्यक्तियों में से नामनिर्दिष्ट किए जाएं जो होम्योपैथी तथा अन्य संबंधित शिक्षाओं की बाबत विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखते हों :

परन्तु तब तक के लिए जब तक कि इस अधिनियम तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अनुसार, खण्ड (क) या खण्ड (ख) के अधीन सदस्यों का निर्वाचन न हो जाए, केन्द्रीय सरकार उतने सदस्य नामनिर्दिष्ट करेगी जितने कि वह ठीक समझे और ये व्यक्ति, यथास्थिति, उक्त खण्ड (क) या खण्ड (ख) के अधीन चुने जाने के लिये अर्हित व्यक्ति होंगे, तथा इस अधिनियम में निर्वाचित सदस्यों के प्रति निर्देशों का अर्थ इस प्रकार लगाया जाएगा कि उनके अन्तर्गत इस प्रकार नामनिर्दिष्ट सदस्यों के प्रति निर्देश भी है ।

(2) केन्द्रीय परिषद् के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष केन्द्रीय परिषद् के सदस्यों द्वारा अपने में से ऐसी रीति से निर्वाचित किए जाएंगे जो विहित की जाए :—

परन्तु केन्द्रीय परिषद् के प्रथम गठन से दो वर्ष तक अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष केन्द्रीय सरकार द्वारा केन्द्रीय परिषद् के सदस्यों में से नामनिर्देशित किए जाएंगे तथा इस प्रकार नामनिर्दिष्ट अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष, धारा 7 की उपधारा (1) में किसी बात के होते हुए भी, केन्द्रीय सरकार के प्रसाद पर्यन्त पद धारण करेंगे ।

निर्वाचन का ढंग ।

4. (1) धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) या खण्ड (ख) के अधीन निर्वाचन केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसे नियमों के अनुसार संचालित किया जाएगा जो उसके द्वारा इस निमित्त बनाए जाएं ।

(2) जहां केन्द्रीय परिषद् के लिए किसी निर्वाचन के बारे में कोई विवाद उठे, वहां वह केन्दीय सरकार को निर्देशित किया जाएगा और उसका विनिश्चय अन्तिम होगा ।

निर्वाचन और सदस्यता पर निर्बन्धन ।

5. (1) कोई व्यक्ति तब तक केन्द्रीय परिषद् के लिए निर्वाचित किए जाने का पात्र नहीं होगा जब तक कि उसके पास द्वितीय या तृतीय अनुसूची में सम्मिलित चिकित्सीय अर्हताओं में से कोई न हो, वह होम्योपैथी के किसी राज्य-रजिस्टर में नाम दर्ज न हो और सम्बन्धित राज्य में निवास न करता हो ।

(2) कोई व्यक्ति एक सयम में एक से अधिक हैसियत में सदस्य के रूप में काम नहीं करेगा ।

केन्दीय परिषद का निगमन ।

6. केन्द्रीय परिषद् होम्योपैथी की केन्दीय परिषद् के नाम की निगमित निकाय होगी, उसका शाश्वत उत्तराधिकार और सामान्य मुद्रा होगी तथा उसे जंगम और स्थावर सम्पत्ति दोनों का ही अर्जन, धारण और व्ययन करने की तथा संविदा करने की शक्ति होगी और उक्त नाम से वह वाद लाएगी और उस पर वाद लाया जाएगा ।

केन्दीय परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की पदावधि ।

7. (1) केन्द्रीय परिषद् का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या सदस्य, यथास्थिति, निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट किए जाने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि पर्यन्त या जब तक उसका उत्तराधिकारी सम्यक रूप से निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट न हो जाए तब तक, जो भी अवधि दीर्घतर हो, पद धारण करेगा ।

(2) जो व्यक्ति केन्दीय परिषद के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष का पद धारण करता है या जिसने ऐसा पद धारण किया है, वह एक बार किन्तु केवल एक ही बार उस पद पर पुनर्निर्वाचित होने का पात्र होगा ।

(3) केन्दीय परिषद् के सदस्य पुनः निर्वाचन या पुनः नामनिर्देशन के पात्र होंगे ।

(4) यदि कोई निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट सदस्य बिना किसी ऐसे कारण के जो केन्द्रीय परिषद् की राय में पर्याप्त कारण है, केन्द्रीय परिषद् के तीन क्रमवर्ती मामूली अधिवेशनों से अनुपस्थित रहता है अथवा, यदि धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन निर्वाचित कोई सदस्य होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर में नाम दर्ज नहीं रह जाता, अथवा यदि उस उपधारा के खण्ड (ख) के अधीन निर्वाचित कोई सदस्य सम्बन्धित विश्व-विद्यालय के होम्योपैथी के (किसी भी नाम से ज्ञात) संकाय या विभाग का सदस्य नहीं रह जाता तो उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने अपना स्थान रिक्त कर दिया है ।

(5) केन्दीय परिषद् में की आकस्मिक रिक्ति, यथास्थिति, निर्वाचन या नामनिर्देशन द्वारा भरी जाएगी और उस रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट व्यक्ति उस अवधि के अवशिष्ट भाग के लिए पद धारण करेगा जिसके लिए वह सदस्य, जिसका स्थान वह ले, निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट किया गया था ।

(6) जब किसी सदस्य वाली पांच वर्ष की उक्त अवधि अवसित होने को हो तो उक्त अवधि के अवसान के पूर्व तीन मास के भीतर किसी भी समय एक उत्तराधिकारी निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट किया जा सकेगा किन्तु वह तब तक पद ग्रहण न करेगा जब तक कि उक्त अवधि का अवसान न हो जाए ।

केन्द्रीय परिषद के अधिवेशन ।

8. (1) केन्द्रीय परिषद का अधिवेशन प्रत्येक वर्ष में कम से कम एक बार ऐसे समय तथा स्थान पर होगा जो केन्द्रीय परिषद द्वारा नियत किया जाए ।

(2) जब तक अन्यथा विहित न किया जाए, गणपूर्ति केन्द्रीय परिषद् के सदस्यों की कुल संख्या के एक-तिहाई से होगी और केन्द्रीय परिषद् के सब कार्यों का विनिश्चय उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों की बहुसंख्या द्वारा होगा ।

कार्यकारिणी समिति तथा अन्य समितियां ।

9. (1) केन्द्रीय परिषद् अपने सदस्यों में से एक कार्यकारिणी समिति और अन्य ऐसी समितियों को साधारण या विशेष प्रयोजनों के लिए गठित कर सकेगी जैसी वह परिषद इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक समझे ।

(2) (i) कार्यकारिणी समिति (जिसे इस धारा में इसके पश्चात समिति कहा गया है), अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, जो पदेन सदस्य होंगे और पांच से अन्यून और सात से अनधिक ऐसे सदस्यों से मिलकर बनेगी जो केन्द्रीय परिषद् द्वारा अपने सदस्यों में से निर्वाचित किए जाएंगे;

(ii) अध्यक्ष और उपाध्यक्ष समितियों के क्रमशः अध्यक्ष और उपाध्यक्ष होंगे;

(iii) समिति, इस अधिनियम द्वारा उसे प्रदान की गई शक्तियों और उस पर अधिरोपित किए गए कर्तव्यों के अतिरिक्त ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐ कर्तव्यों का निर्वहन करेगी जो केन्द्रीय परिषद् द्वारा किन्हीं भी ऐसे विनियमों द्वारा जो इस निमित्त बनाए जाएं, उसे प्रदान की जाए या उस पर अधिरोपित किए जाएं ।

समितियों के अधिवेशन ।

10. (1) धारा 9 के अधीन गठित समितियों का अधिवेशन प्रत्येक वर्ष में कम से कम दो बार ऐसे समय तथा स्थान पर होगा जो केन्द्रीय परिषद् द्वारा नियत किया जाए ।

(2) जब तक अन्यथा विहित न किया जाए, गणपूर्ति समिति के सदस्यों की कुल संख्या के एक तिहाई से होगी और समिति के सब कार्यों का विनिश्चय उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों की बहुसंख्या द्वारा होगा ।

केन्द्रीय परिषद् के अधिकारी और अन्य कर्मचारी ।

11. केन्द्रीय परिषद्—

(क) एक रजिस्ट्रार नियुक्त करेगी जो सचिव के रूप में भी कार्य करेगा; ***

(ख) अन्य ऐसे व्यक्तियों को नियोजित करेगी जिन्हें वह इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक समझे;

(ग) रजिस्ट्रार या किसी अन्य कर्मचारी से उसके कर्तव्यों के सम्यक् पालन के लिए उतनी प्रतिभूति मांग सकेगी और लेगी जैसी केन्द्रीय परिषद् आवश्यक समझे; और

(घ) केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से वे पारिश्रमिक और भत्ते नियत करेगी जो केन्दीय परिषद् के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों को तथा उसकी समितियों के सदस्यों को दिए जाएंगे और केन्दीय परिषद् के कर्मचारियों की सेवा की शर्तें अवधारित करेगी ।

केन्दीय परिषद् और उसकी समितियों में रिक्तियों से कार्यों आदि का अवधिमान्य न होना ।

12. केन्द्रीय परिषद् या उसकी किसी समिति का कोई कार्य या कार्यवाही केवल इस आधार पर प्रश्नगत न होगी कि, यथास्थिति, केन्द्रीय परिषद् या उस समिति में कोई रिक्ति थी या उसके गठन में कोई त्रुटि थी ।

अध्याय 3

चिकित्सीय अर्हताओं की मान्यता

भारत स्थित कतिपय चिकित्सीय संस्थाओं द्वारा प्रदत्त चिकित्सीय अर्हताओं को मान्यता ।

13. (1) भारत स्थित किसी विश्वविद्यालय, बोर्ड या अन्य चिकित्सीय संस्था द्वारा प्रदत्त चिकित्सीय अर्हताएं, जो द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित हैं, इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हताएं होंगी ।

(2) भारत स्थित कोई विश्वविद्यालय, बोर्ड या अन्य चिकित्सीय संस्था, जो ऐसी कोई चिकित्सीय अर्हता प्रदान करती हो जो द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित नहीं है, ऐसी किसी अर्हता को मान्यताप्राप्त कराने के लिए केन्दीय सरकार से आवेदन कर सकेगी, और केन्दीय सरकार, केन्दीय परिषद् से परामर्श करने के पश्चात्, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, द्वितीय अनुसूची को इस प्रकार संशोधित कर सकेगी कि ऐसी अर्हता उसमें सम्मिलित हो जाए, और ऐसी कोई अधिसूचना यह निदेश भी दे सकेगी कि द्वितीय अनुसूची के अन्तिम स्तम्भ में ऐसी चिकित्सीय अर्हता के सामने ऐसी प्रविष्टि तब ही की जाएगी जब वह अर्हता विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् प्रदान की जाए ।

भारत के बाहर स्थित राज्यों या देशों की चिकित्सीय संस्थाओं द्वारा प्रदत्त चिकित्सीय अर्हताओं को मान्यता ।

14. (1) भारत के बाहर स्थित उन चिकित्सीय संस्थाओं द्वारा, जो तृतीय अनुसूची में सम्मिलित हैं, प्रदत्त चिकित्सीय अर्हतायें इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हतायें होंगी ।

(2) (क) केन्द्रीय परिषद् भारत के बाहर स्थित किसी राज्य या देश के किसी प्राधिकारी के साथ, जिसे उस राज्य या देश की विधि द्वारा होम्योपैथी के व्यवसायियों का रजिस्टर रखने का कार्य सौंपा गया हो, होम्योपैथी में चिकित्सीय अर्हताओं की मान्यता के लिए पारस्परिक आदान-प्रदान की स्कीम तय करने के लिए बातचीत कर सकेगी तथा ऐसी किसी स्कीम के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, तृतीय अनुसूची को ऐसे संशोधित कर सकेगी कि उसके अन्तर्गत ऐसी कोई चिकित्सीय अर्हता आ जाए जिसके बारे में केन्द्रीय परिषद् ने यह विनिश्चय किया है कि उसे मान्यता प्रदान की जानी चाहिए, और ऐसी कोई अधिसूचना यह निदेश भी दे सकेगी कि तृतीय अनुसूची के अंतिम स्तंभ में ऐसी चिकित्सीय अर्हता के सामने एक प्रविष्टि की जाएगी जिसमें यह घोषणा की जाएगी कि वह मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हता तब ही होगी जब वह विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् प्रदान की जाय ।

(ख) जहां इस परिषद् ने किसी ऐसी चिकित्सीय अर्हता की सिफारिश करने से इंकार कर दिया हो जिसे खण्ड (क) में निर्दिष्ट किसी प्राधिकारी

द्वारा मान्यताप्राप्त कराने के लिए प्रस्थापित किया गया हो और उस प्राधिकारी ने केन्द्रीय सरकार से इस निमित्त आवेदन किया हो, वहां केन्द्रीय सरकार, ऐसे आवेदन पर विचार करने के पश्चात् और ऐसी किसी भी इंकारी के कारणों के बारे में परिषद् की रिपोर्ट, यदि कोई हो, अभिप्राप्त करने के पश्चात् राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, यह घोषित कर सकेगी कि ऐसी अर्हता मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हता होगी और खण्ड (क) के उपबन्ध तदनुसार लागू होंगे ।

* * * * * *

द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित अर्हतायें रखने वाले व्यक्तियों का नाम दर्ज किए जाने का अधिकार ।

15. (1) इस अधिनियम के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए, द्वितीय या तृतीय अनुसूची में सम्मिलित कोई चिकित्सीय अर्हता होम्योपैथी के किसी राज्य-रजिस्टर में नाम दर्ज किए जाने के लिए पर्याप्त अर्हता होगी ।

(2) होम्योपैथी के ऐसे व्यवसायी से, जो मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हता रखता हो और होम्योपैथी के राज्य–रजिस्टर या केन्द्रीय रजिस्टर में नाम दर्ज हो, भिन्न कोई व्यक्ति,—

(क) सरकार में या किसी स्थानीय या अन्य प्राधिकारी द्वारा घोषित किसी संस्था में होम्योपैथिक चिकित्सक के रूप में पद या (किसी भी नाम से ज्ञात) कोई अन्य पद धारण नहीं करेगा;

(ख) किसी राज्य में होम्योपैथी का व्यवसाय नहीं करेगा;

(ग) चिकित्सीय या योग्यता का प्रमाणपत्र या कोई अन्य प्रमाणपत्र, जो सम्यक् रुप से अर्हित चिकित्सा व्यवसायी द्वारा हस्ताक्षरित और अधिप्रमाणित किए जाने के लिए किसी विधि द्वारा अपेक्षित हो, हस्ताक्षरित या अधिप्रमाणित करने का हकदार न होगा;

(घ) किसी मृत्यु-समीक्षा में या किसी न्यायालय में, होम्योपैथी से सम्बन्धित किसी विषय पर, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 45 के अधीन एक विशेषज्ञ के रूप में साक्ष्य देने का हकदार न होगा ।

1872 का 1

(3) उपधारा (2) की किसी बात का,—

(क) होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर में नामदर्ज किसी होम्योपैथी के व्यवसायी के किसी राज्य में होम्योपैथी का व्यवसाय करने के अधिकार पर केवल इस आधार पर प्रभाव नहीं पड़ेगा कि इस अधिनियम के प्रारम्भ पर वह मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हता नहीं रखता था ;

(ख) होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर में नामदर्ज किसी होम्योपैथी के व्यवसायी को किसी राज्य में तत्समय प्रवृत्त होम्योपैथी के व्यवसायियों के रजिस्ट्रीकरण संबंधी किसी विधि द्वारा या उसके अधीन प्रदत्त विशेषाधिकारों पर (जिनके अन्तर्गत होम्योपैथी का व्यवसाय करने का अधिकार भी है) प्रभाव नहीं पड़ेगा;

(ग) किसी ऐसे राज्य में, जिसमें इस अधिनियम के प्रारम्भ पर होम्योपैथी का राज्य-रजिस्टर नहीं रखा जाता है, होम्योपैथी व्यवसाय करने के किसी व्यक्ति के अधिकार पर प्रभाव नहीं पड़ेगा, यदि ऐसे प्रारम्भ पर वह पांच से अन्यून वर्षों तक होम्योपैथी का व्यवसाय करता रहा हो;

(घ) भारतीय चिकित्सा परिषद् अधिनियम 1956, या भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 द्वारा या उनके अधीन, ऐसे व्यक्तियों, जिनके पास उक्त अधिनियमों की अपनी-अपनी अनुसूचियों में सम्मिलित अर्हताओं में से कोई हों, को प्रदत्त अधिकारों प [जिनके अन्तर्गत उक्त अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (च) में यथापरिभाषित चिकित्सा व्यवसाय करने का अधिकार भी है] प्रभाव नहीं पड़ेगा । 1956 का 102 1970 का 48

(4) कोई व्यक्ति जो उपधारा (2) के किसी उपबन्ध के उल्लंघन में कार्य करेगा वह कारावास, से, जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, जो एक हजार रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से, दंडनीय होगा ।

पाठ्यक्रमों और परीक्षाओं के सम्बंध में जानकारी की अपेक्षा करने की शक्ति ।

16. भारत में स्थित प्रत्येक विश्वविद्यालय, बोर्ड या अन्य चिकित्सीय संस्था, जो मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हता प्रदान करती हो, ऐसी अर्हता अभिप्राप्त करने के लिए पूरे किए जाने वाले पाठ्यक्रमों और ली जाने वाली परीक्षाओं के बारे में, उस आयु के बारे में जिस पर ऐसे पाठ्यक्रमों का पूरा किया जाना और परीक्षाओं का दिया जाना अपेक्षित हो और ऐसी अर्हता प्रदान की जाती हो, तथा सामान्यतया ऐसी अर्हता अभिप्राप्त करने के लिए अपेक्षाओं के बारे में, ऐसी जानकारी देगी, जिसकी केन्द्रीय परिषद्, समय-समय पर अपेक्षा करे ।

परीक्षाओं में निरीक्षक ।

17. (1) केन्द्रीय परिषद्, किसी चिकित्सीय महाविद्यालय, अस्पताल या अन्य संस्था के, जहां होम्योपैथी की शिक्षा दी जाती हो, निरीक्षण के लिए, या किसी विश्वविद्यालय, बोर्ड या चिकित्सीय संस्था द्वारा ली जाने वाली परीक्षा में उस विश्वविद्यालय, बोर्ड या चिकित्सीय संस्था द्वारा प्रदान की जाने वाली चिकित्सीय अर्हताओं की मान्यता के लिए केन्द्रीय सरकार को सिफारिश करने के प्रयोजन से उपस्थित होने के लिए, उतने चिकित्सीय निरीक्षक नियुक्त कर सकेगी, जितने वह आवश्यक समझे ।

(2) चिकित्सीय निरीक्षक किसी प्रशिक्षण या परीक्षा के संचालन में हस्तक्षेप नहीं करेंगे किन्तु शिक्षा के स्तरों की, जिनके अन्तर्गत कर्मचारिवृन्द, उपस्कर वाससुविधा, प्रशिक्षण और, यथास्थिति, होम्योपैथी की शिक्षा देने के लिए विहित अन्य सुविधाएं भी हैं, पर्याप्तता पर, अथवा प्रत्येक परीक्षा की जिसमें वे उपस्थित रहें, पर्याप्तता पर, केन्द्रीय परिषद् को रिपोर्ट देंगे ।

(3) केन्द्रीय परिषद् किसी ऐसी रिपोर्ट की प्रति संबंधित विश्वविद्यालय, बोर्ड या चिकित्सीय संस्था को भेजेगी और उस पर उस विश्वविद्यालय, बोर्ड या चिकित्सीय संस्था के टिप्पणों सहित एक प्रति केन्द्रीय सरकार को भी भेजेगी ।

परीक्षाओं में परिदर्शक ।

18. (1) केन्द्रीय परिषद् किसी चिकित्सीय महाविद्यालय, अस्पताल या अन्य संस्था के, जहां होम्योपैथी की शिक्षा दी जाती हो, निरीक्षण के लिए अथवा मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हता प्रदान करने की बाबत किसी परीक्षा में उपस्थित होने के लिए उतने परिदर्शक कर सकेगी जितने वह आवश्यक समझे ।

(2) कोई व्यक्ति, चाहे वह केन्द्रीय परिषद् का सदस्य हो अथवा न हो, इस धारा के अधीन परिदर्शक के रूप में नियुक्त किया जा सकेगा, किन्तु किसी ऐसे व्यक्ति को जिसे किसी निरीक्षण या परीक्षा के लिए धारा 17 के अधीन निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया हो, उसे निरीक्षण या परीक्षा के लिए परिदर्शक के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा ।

(3) परिदर्शक किसी प्रशिक्षण या परीक्षा के संचालन में हस्तक्षेप नहीं करेंगे, किन्तु शिक्षा के स्तरों की, जिनके अन्तर्गत कर्मचारिवृन्द, उपस्कर, वास-

सुविधा, प्रशिक्षण तथा होम्योपैथी की शिक्षा देने के लिए विहित अन्य सुविधाएं भी हैं, पर्याप्तता पर, अथवा प्रत्येक परीक्षा की जिसमें वे उपस्थित रहें, पर्याप्तता पर केन्द्रीय परिषद् के अध्यक्ष को रिपोर्ट देंगे ।

(4) परिदर्शक की रिपोर्ट, तब के सिवाय जब कि किसी विशिष्ट मामले में केन्द्रीय परिषद् का अध्यक्ष अन्यथा निदेश न दे, गोपनीय मानी जाएगी :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार परिदर्शक की रिपोर्ट की अपेक्षा करे तो केन्द्रीय परिषद् उसे प्रस्तुत करेगी ।

मान्यता का वापस लिया जाना ।

19. (1) जब निरीक्षक या परिदर्शक की रिपोर्ट पर केन्द्रीय परिषद को यह प्रतीत हो कि—

(क) किसी विश्वविद्यालय, बोर्ड या चिकित्सीय संस्था में पूरे किए जाने वाले पाठ्यक्रम और दी जाने वाली परीक्षा अथवा उसके द्वारा ली गई परीक्षा में अभ्यार्थियों से अपेक्षित प्रवीणता, अथवा

(ख) ऐसे विश्वविद्यालय, बोर्ड या चिकित्सीय संस्था में या इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी महाविद्यालय या अन्य संस्था में कर्मचारिवृन्द, उपस्कर वास-सुविधा, प्रशिक्षण, तथा शिक्षण और प्रशिक्षण की अन्य सुविधाएं,

केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित स्तरों के अनुरूप नहीं हैं तब केन्द्रीय परिषद् उस आशय का अभ्यावेदन केन्द्रीय सरकार को करेगी ।

(2) ऐसे अभ्यावेदन पर विचार करने के पश्चात् केन्द्रीय सरकार उसे उस राज्य की सरकार को भेज सकेगी जिसमें वह विश्वविद्यालय, बोर्ड या चिकित्सीय संस्था स्थित है और वह राज्य सपकार उसे ऐसे टिप्पणों सहित, जैसे कि वह करना चाहे, उस विश्वविद्यालय, बोर्ड या चिकित्सीय संस्था को, उस अवधि की प्रज्ञापना सहित जिसके भितर वह विश्वविद्यालय, बोर्ड या चिकित्सीय संस्था राज्य सरकार को अपना स्पष्टीकरण दे सकेगी, भेजेगी ।

(3) स्पष्टीकरण की प्राप्ति पर, अथवा, जहां नियत अवधी के भीतर कोई स्पष्टीकरण न दिया जाए वहां उस अवधि के अवसान पर, राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार से अपनी सिफारिशें करेगी ।

(4) केन्द्रीय सरकार ऐसी अतिरिक्त जांच, यदि कोई हो,करने के पश्चात् जो वह ठीक समझे, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा निदेश दे सकेगी कि द्वितीय अनुसूची में उक्त चिकित्सीय अर्हता के सामने ऐसी प्रविष्टि की जाए जो यह घोषित करे कि, यथास्थिति, वह अर्हता मान्यता प्राप्त चिकित्सीय अर्हता तब ही होगी जब वह विनिर्दिष्ट तारीख के पूर्व प्रदान की जाए, अथवा यह कि, यथास्थिति, यदि उक्त चिकित्सीय अर्हता किसी विश्वविद्यालय, से सम्बद्ध विनिर्दिष्ट महाविद्यालय या संस्था के विद्यार्थियों को प्रदान की जाए, तो वह अर्हता मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हता तब ही होगी जब वह विनिर्दिष्ट तारीख के पूर्व प्रदान की जाए, या यह कि किसी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विनिर्दिष्ट महाविद्यालय या संस्था के सम्बन्ध में उक्त चिकित्सीय अर्हता मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हता तब ही होगी जब वह विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् प्रदान की जाए

होम्योपैथी में शिक्षा के न्यूनतम स्तर।

20. (1) केन्द्रीय परिषद होम्योपैथी चिकित्सा में शिक्षा के ऐसे न्यूनतम स्तर विहित कर सकेगी जो भारत में स्थित विश्वविद्यालयों, बोर्डों या चिकित्सीय संस्थाओं द्वारा मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हताएं प्रदान किए जाने के लिए अपेक्षित हों।

(2) विनियमों के प्रारूपों और उनके सभी पश्चात्वर्ती संशोधनों की प्रतियां केन्द्रीय परिषद् द्वारा सभी राज्य सरकारों को दी जाएंगी और केन्द्रीय परिषद्, यथास्थिति, विनियमों या उनके किसी संशोधन को केन्द्रीय सरकार को मंजूरी के लिए भेजने के पूर्व, किसी राज्य सरकार की उन टीका-टिप्पणियों पर विचार करेगी जो पूर्वोक्त प्रतियां दिए जाने से तीन मास के भीतर प्राप्त हों।

अध्याय 4

होम्योपैथी का केन्द्रीय-रजिस्टर

होम्योपैथी का केन्द्रीय-रजिस्टर।

21. (1) केन्द्रीय परिषद् होम्योपैथी के चिकित्सा व्यवसायियों का एक रजिस्टर विहित रीति से रखवाएगी जो होम्योपैथी का केन्द्रीय-रजिस्टर कहलाएगा और जिसमें,—

(क) भाग 1 में, उन सभी व्यक्तियों के नाम होंगे जिनके नाम तत्समय होम्योपैथी के किसी राज्य-रजिस्टर में दर्ज हों और जिनके पास मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हताओं में से कोई भी हो;

(ख) भाग 2 में, भाग 1 में सम्मिलित व्यक्तियों से भिन्न उन सभी व्यक्तियों के नाम होंगे जिनके नाम तत्समय होम्योपैथी के किसी राज्य रजिस्टर में दर्ज हों।

(2) केन्द्रीय परिषद् के रजिस्ट्रार का यह कर्तव्य होगा कि वह इस अधिनियम के और केन्द्रीय परिषद् द्वारा किए गए किन्हीं आदेशों के उपबन्धों के अनुसार, और अन्य ऐसी रीति से जो विहित की जाए, होम्योपैथी का केन्द्रीय-रजिस्टर रखे और बनाए रखे और समय-समय पर रजिस्टर का पुनरीक्षण करे और उसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित करे।

(3) ऐसा रजिस्टर भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अर्थ में लोक दस्तावेज समझा जाएगा, और भारत के राजपत्र में प्रकाशित किसी प्रति द्वारा साबित किया जा सकेगा।

होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर की प्रतियों का दिया जाना।

1872 का 1

22. प्रत्येक बोर्ड इस अधिनियम के प्रारम्भ के पश्चात, यथाशक्यशीघ्र, और तत्पश्चात् प्रत्येक वर्ष की अप्रैल के प्रथम दिन के पश्चात्, केन्द्रीय परिषद् को होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर की तीन मुद्रित प्रतियां देगा, तथा प्रत्येक बोर्ड होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर में समय-समय पर किए गए सभी परिवर्धनों और अन्य संशोधनों की इत्तिला केन्द्रीय परिषद को अविलम्ब देगा।

होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर में रजिस्ट्रीकरण।

23. केन्द्रीय परिषद का रजिस्ट्रार होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर में किसी व्यक्ति के रजिस्ट्रीकरण की रिपोर्ट की प्राप्ति पर अथवा किसी व्यक्ति द्वारा, विहित रीति से, किए गए आवेदन पर, उसका नाम होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर में दर्ज कर सकेगा, परन्तु यह तब जब कि रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाए कि संबंधित व्यक्ति ऐसे रजिस्ट्रीकरण के लिए इस अधिनियम के अधीन पात्र है।

वृत्तिक आचरण ।

24. (1) केन्द्रीय परिषद, होम्योपैथी व्यवसायियों के लिए वृत्तिक आचरण और शिष्टाचार के स्तर और आचार संहिता विहित कर सकेगी ।

(2) केन्द्रीय परिषद द्वारा उपधारा (1) के अधीन बनाए गए विनियम यह विनिर्दिष्ट कर सकेंगे कि उनका कौनसा अतिक्रमण वृत्ति के सम्बन्ध में गर्हित आचरण, अर्थात वृत्तिक अवचार है, और ऐसा उपबन्ध, तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी, प्रभावी होगा ।

होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर से नामों का हटाया जाना ।

25. (1) यदि होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर में नामदर्ज किसी व्यक्ति का नाम उस रजिस्टर में से, किसी राज्य में होम्योपैथी के व्यवसायियों के रजिस्ट्रीकरण से संबंधित तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा या उसके अधीन प्रदत्त किसी शक्ति के अनुसरण में, हटा दिया जाए तो केन्द्रीय परिषद होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर से ऐसे व्यक्ति का नाम हटाए जाने का निदेश देगी ।

(2) जहां होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर से किसी व्यक्ति का नाम उसके पास अपेक्षित चिकित्सीय अर्हताएं न होने के कारण से भिन्न किसी कारण से हटा दिया जाए अथवा जहां उसका नाम होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर में पुनः प्रविष्ट किए जाने के लिए उक्त व्यक्ति का आवेदन नामंजूर कर दिया जाए वहां वह, विहित रीति से और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए विहित की जाएं, और जिनके अन्तर्गत फीस के संदाय की शर्त भी है, केन्द्रीय सरकार को अपील कर सकेगा जिसका विनिश्चय, जो केन्द्रीय परिषद से परामर्श करने के पश्चात किया जाएगा, राज्य सरकार तथा होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर की तैयारी से संबंधित प्राधिकारियों पर बाध्यकर होगा ।

होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर में नामदर्ज व्यक्तियों के विशेषाधिकार ।

26. (1) मान्यता-प्राप्त चिकित्सीय अर्हताएं रखने वाले व्यक्तियों द्वारा होम्योपैथी का व्यवसाय करने के सम्बन्ध में इस अधिनियम में दी गई शर्तों और निर्बन्धनों के अधीन रहते हुए, प्रत्येक व्यक्ति, जिसका नाम होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर के भाग 1 में तत्समय हो, अपनी अर्हताओं के अनुसार, भारत के किसी भी भाग में होम्योपैथी का व्यवसाय करने का तथा ऐसे व्यवसाय की बाबत कोई व्यय, औषधियों या अन्य साधित्रों की बाबत प्रभार या कोई फीस, जिनका वह हकदार हो, विधि सम्यक अनुक्रम में वसूल करने का हकदार होगा ।

(2) धारा 15 की उपधारा (3) के उपबंधों के अधीन रहते हुए कोई व्यक्ति जिसका नाम होम्योपैथी के केन्द्रीय–रजिस्टर के भाग 2 में तत्समय हो, उस राज्य से जिसमें उसका नाम होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर में दर्ज हो, भिन्न किसी राज्य में, जहां होम्योपैथी का व्यवसाय करने का उसका आशय हो उस राज्य की सरकार के पूर्व अनुमोदन से होम्योपैथी का व्यवसाय कर सकेगा ।

अतिरिक्त अर्हताओं का रजिस्ट्रीकरण ।

27. (1) यदि कोई व्यक्ति, जिसका नाम होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर में दर्ज हो, होम्योपैथी में प्रवीणता के लिए कोई ऐसी उपाधि, डिप्लोमा या अन्य अर्हता अभिप्राप्त कर ले जो मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हता हो तो वह, विहित रीति से इस निमित्त किए गए आवेदन द्वारा, इस बात का हकदार होगा कि वह ऐसी अन्य उपाधि, डिप्लोमा या अन्य अर्हता कथित करने वाली प्रविष्टि होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर में अपने नाम के सामने में या तो पूर्वतर की गई किसी प्रविष्टि के स्थान पर या उसके अतिरिक्त करा ले ।

(2) होम्योपैथी के राज्य-रजिस्टर में ऐसे किसी व्यक्ति की बाबत प्रविष्टियां होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर में किए गए परिवर्तनों के अनुसार परिवर्तित की जायेंगी ।

होम्योपैथी के केन्द्रीय–रजिस्टर में नामदर्ज व्यक्तियों द्वारा निवास तथा चिकित्सा-व्यवसाय के स्थान में परिवर्तन का सूचित किया जाना ।

28. होम्योपैथी के केन्द्रीय-रजिस्टर में रजिस्ट्रीकृत प्रत्येक व्यक्ति अपने निवास तथा चिकित्सा-व्यवसाय के स्थान पर की तबदीली केन्द्रीय परिषद् को और संबंधित बोर्ड को, ऐसी तब्दीली के नब्बे दिन के भीतर, सूचित करेगा और ऐसा करने में असफल होने पर केन्द्रीय परिषद् या बोर्ड के सदस्यों के निर्वाचन में भाग लेने का उसका अधिकार केन्द्रीय सरकार के आदेश द्वारा, या तो स्थायी रूप से या ऐसी अवधि के लिए जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जाए, समपहृत किया जा सकेगा ।

अध्याय 5

प्रकीर्ण

29. (1) केन्द्रीय परिषद्, केन्द्रीय सरकार को ऐसी रिपोर्टें, अपने कार्य-वृत्तों की प्रतिलिपियां, अपने लेखाओं की संक्षिप्तियां और अन्य जानकारी देगी जिनकी वह सरकार अपेक्षा करे ।

केन्द्रीय परिषद् द्वारा दी जाने वाली जानकारी और उसका प्रकाशन ।

(2) केन्द्रीय सरकार इस धारा या धारा 18 के अधीन उसे दी गई कोई रिपोर्ट, प्रतिलिपि, संक्षिप्ति या अन्य जानकारी ऐसी रीति से प्रकाशित कर सकेगी जैसी वह ठीक समझे ।

जांच आयोग

30. (1) जब कभी केन्द्रीय सरकार को यह आभास कराया जाए कि केन्द्रीय परिषद् इस अधिनियम के उपबंधों में से किसी का अनुपालन नहीं कर रही है तब केन्द्रीय सरकार उस शिकायत की विशिष्टयां एक जांच आयोग को निर्देशित कर सकेगी । ऐसे आयोग में तीन व्यक्ति होंगे जिनमें से दो केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त किए जायेंगे, जिनमें से एक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश होगा, तथा तीसरा केन्द्रीय परिषद् द्वारा नियुक्त किया जायेगा, और ऐसा आयोग परिवाद में आरोपित बातों की सत्यता के बारे में संक्षिप्त रीति से जांच करने के लिए, तथा केन्द्रीय सरकार को रिपोर्ट देने के लिए अग्रसर होगा और यदि आयोग द्वारा यह पाया जाए कि व्यक्तिक्रम या अनुचित कार्रवाई का कोई आरोप सिद्ध कर दिया गया है तो आयोग उन उपचारों की, यदि कोई हों, सिफारिश करेगा जो उसकी राय में आवश्यक हों ।

(2) केन्द्रीय सरकार केन्द्रीय परिषद् से अपेक्षा कर सकेगी कि वह इस प्रकार सिफारिश किए गए उपचारों को ऐसे समय के भीतर अपनाए जो आयोग की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए वह ठीक समझे और यदि केन्द्रीय परिषद् ऐसी किसी अपेक्षा का अनुपालन करने में असफल रहती है तो केन्द्रीय सरकार आयोग की सिफारिशों को प्रभावित करने के लिए केन्द्रीय परिषद् के विनियमों में संशोधन कर सकेगी, या ऐसा उपबन्ध या आदेश कर सकेगी या ऐसा अन्य कदम उठा सकेगी जो आवश्यक प्रतीत हो ।

(3) जांच आयोग, शपथ दिलाने, साक्षियों को हाजिर कराने तथा दस्तावेजों को पेश कराने की शक्ति होगी तथा अपने द्वारा की जाने वाली जांच के प्रयोजन के लिए सब अन्य ऐसी आवश्यक शक्तियां होंगी जैसी कि सिविल न्यायालय द्वारा सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन प्रयुक्त की जाती है ।

1908 का 5

सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई के लिए परित्राण ।

31. कोई भी वाद, अभियोजन का अन्य विधिक कार्यवाही, इस अधिनियम के अधीन सद्भावपूर्वक की गई या कि जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए, सरकार, केन्द्रीय परिषद् या बोर्ड या उसकी किसी समिति अथवा सरकार या केन्द्रीय परिषद् या पूर्वोक्त बोर्ड के किसी अधिकारी या सेवक के विरुद्ध नहीं होगी ।

नियम बनाने की शक्ति ।

32. (1) केन्द्रीय सरकार, इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बना सकेगी ।

"(2) इस धारा के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम, बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र संसद् के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, तीस दिन की अवधि के लिए रखा जायेगा । यह अवधि एक सत्र में अथवा दो या अधिक ठीक बाद के सत्रों में पूरी हो सकेगी । यदि उस सत्र के, जिसमें वह इस प्रकार रखा गया हो, या पूर्वोक्त बाद के सत्रों के अवसान के पूर्व दोनों सदन उस नियम में कोई परिवर्तन करने के लिए सहमत हो जायें तो तत्पश्चात् वह ऐसे परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगा । यदि उक्त अवसान के पूर्व दोनों सदन सहमत हो जायें कि वह नियम नहीं बनाया जाना चाहिए । तो तपश्चात् वह निष्प्रभाव हो जायेगा । किन्तु नियम के ऐसे परिवर्तित या निष्प्रभाव होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।"

विनियम बनाने की शक्ति ।

33. (1) केन्द्रीय परिषद्, साधारणतौर पर इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए विनियम केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से बना सकेगी और, ऐसे विनियम, इस शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, निम्नलिखित के लिए उपबन्ध कर सकेंगे :—

(क) केन्द्रीय परिषद् के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के निर्वाचन की रीति;

(ख) केन्द्रीय परिषद् की सम्पत्ति का प्रबंध तथा उसके लेखाओं का रखा जाना और संपरीक्षा;

(ग) केन्द्रीय परिषद् के सदस्यों का त्यागपत्र;

(घ) अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की शक्तियां और कर्तव्य;

(ङ) केन्द्रीय परिषद् और उसकी समितियों के अधिवेशन बुलाना और संयोजित करना, वे समय जब और वे स्थान जहां ऐसे अधिवेशन किए जाने हैं, अधिवेशन में कार्य संचालन और गणपूर्ति के लिए आवश्यक सदस्य-संख्या ;

(च) धारा 9 के अधीन गठित समितियों के कृत्य ;

(छ) रजिस्ट्रार की तथा केन्द्रीय परिषद् के अन्य अधिकारियों और सेवकों की पदावधि तथा उनकी शक्तियां और कर्तव्य ;

(ज) निरीक्षकों और परिदर्शकों की अर्हतायें नियुक्ति, शक्तियां और कर्तव्य तथा उनके द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया;

(झ) किसी विश्वविद्यालय, बोर्ड या चिकित्सीय संस्था में मान्यता-प्राप्त चिकित्सीय अर्हता प्रदान करने के लिए अनुसरण किए जाने वाले और व्यावहारिक प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम और अध्ययन-अवधि, परीक्षा के विषय और उनमें अभिप्राप्त की जाने वाली प्रवीणता के स्तर;

(ञ) होम्योपैथी की शिक्षा के लिए कर्मचारिवृन्द उत्पकर, वास-सुविधा, प्रशिक्षण और अन्य सुविधाओं के स्तर;

(ट) वृत्तिक परीक्षाओं का संचालन, परीक्षकों, की अर्हतायें तथा ऐसी परीक्षाओं में प्रवेश की शर्तें ;

(ठ) होम्योपैथी के व्यवसायियों द्वारा अनुपालन किए जाने वाले वृत्तिक आचरण और शिष्टाचार के स्तर तथा आचार-संहिता;

(ड) इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदनों में कथित की जाने वाली विशिष्टयां और उनमें दिया जाने वाला अर्हताओं का सबूत ;

(ढ) वह रीति जिससे और वे शर्तें जिनके अधीन अपील धारा 25 के अन्तर्गत की जा सकेगी ;

(ण) इस अधिनियम के अधीन आवेदनों तथा अपीलों पर दी जाने वाली फीसें; तथा

(त) कोई विषय जिसके लिए इस अधिनियम के अधीन विनियमों द्वारा उपबन्ध किया जा सकता है ।

प्रथम अनुसूची

[धारा 3 (1) (क) देखिए]

केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय परिषद् में प्रत्येक राज्य को आवंटित किए जाने वाले स्थानों की संख्या का अवधारण, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, निम्नलिखित आधार पर करेगी, अर्थात् :—

(क) जहां होम्योपैथी पद्धति के राज्य-रजिस्टर में नामदर्ज व्यक्तियों की संख्या 100 से अधिक हो किन्तु 10,000 से अधिक न हो	1 स्थान
(ख) जहां होम्योपैथी पद्धति के राज्य-रजिस्टर में नामदर्ज व्यक्तियों की संख्या 10,000 से अधिक हो किन्तु 20,000 से अधिक न हो	2 स्थान
(ग) जहां होम्योपैथी पद्धति के राज्य-रजिस्टर में नामदर्ज व्यक्तियों की संख्या 20,000 से अधिक हो किन्तु 30,000 से अधिक न हो	3 स्थान
(घ) जहां होम्योपैथी पद्धति के राज्य-रजिस्टर में नामदर्ज व्यक्तियों की संख्या 30,000 से अधिक हो किन्तु 40,000 से अधिक न हो	4 स्थान
(ङ) जहां होम्योपैथी पद्धति के राज्य-रजिस्टर में नामदर्ज व्यक्तियों की संख्या 40,000 से अधिक हो ।	5 स्थान ।

2. केन्द्रीय परिषद् के लिए धारा 3 की उपधारा (1) के खंड (क) के अधीन प्रत्येक पश्चात्वर्ती निर्वाचन के लिए केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, होम्योपैथी की केन्द्रीय परिषद् में आवंटित किए जाने वाले स्थानों की संख्या ऊपर पैरा 1 में दिए गए आधार पर अवधारित करेगी ।

द्वितीय अनुसूची

(धारा 13 देखिये)

भारत में स्थित विश्वविद्यालयों, बोर्डों या चिकित्सीय संस्थाओं द्वारा प्रदत्त होम्योपैथी में मान्यताप्राप्त अर्हताएं

विश्वविद्यालय, बोर्ड या चिकित्सीय संस्था का नाम	मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हता	रजिस्ट्रीकरण के लिये संक्षिप्ताक्षर	टिप्पणियां
1	2	3	4
आन्ध्र प्रदेश			
आन्ध्र बोर्ड्स फार आयुर्वेद एण्ड होम्योपैथी ।			
1. आन्ध्र प्राविन्शियल मैडिकल कालेज, गुडीवाड़ा ।	डिप्लोमा इन होम्योपैथी मैडिसन ।	डी० एच० एम०	अप्रैल, 1949 से मार्च, 1969 तक
2. डा० गुरूराजू गवर्नमेंट होम्योपैथिक मैडिकल चालेज, गुडीवाड़ा ।	डिप्लोमा इन होम्योपैथी मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	डी० एच०एम०एस०	अप्रैल, 1970 से
3. बोर्ड आफ इण्डियन मैडिसन, हैदराबाद ।	डिप्लोमा इन होम्योपैथी मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	डी० एच० एम० एस०	अक्तूबर, 1971 से ।
बिहार			
4. बिहार स्टेट बोर्ड आफ होम्योपैथिक मैडिसन ।	डिप्लोमा इन मैडिसन एण्ड सर्जरी	डी० एम० एस०	1961 से
	डिप्लोमा इन होम्योपैथी मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	डी० एच० एम० एस०	1971 से
दिल्ली			
5. बोर्ड आफ होम्योपैथीक सिस्टम आफ मैडिसन, दिल्ली ।	डिप्लोमा इन होम्योपैथिक साइन्स ।	डी० एच० एम०	1965 से 1970–71 तक
	डिप्लोमा इन होम्योपैथिक मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	डी० एच० एम० एस०	1971 से
केरल			
6. बोर्ड आफ एग्जामिनर्स इन होम्योपैथी, गवर्नमेंट आफ केरल	डिप्लोमा इन होम्योपैथिक मैडिसन	डी० एच० एम०	1962 से
7. रायल कालेज आफ होम्योपैथिक फिजिशन्स, एरनाकुलम ।	लाइसेन्सिएट इन रायल कालेज आफ होम्योपैथिक फिजिशन्स ।	एल० आर० सी० एच०पी०	1966–67 तक
मध्य प्रदेश			
8. बोर्ड आफ होम्योपैथिक एण्ड बायोकैमिक सिस्टम् आफ मैडिसन, मध्य प्रदेश ।	डिप्लोमा इन होम्योपैथी एण्ड बायोकैमिस्ट्री ।	डी० एच० बी०	1960 से

1	2	3	4
महाराष्ट्र			
9. बोर्ड आफ एग्जामिनर्स आफ होम्योपैथिक एण्ड बायोकैमिक सिस्टम्स आफ मैडिसन, मुम्बई ।	लाइसेन्सिएट आफ्द दि कोर्ट आफ एग्जामिनर्स एन होम्योपैथी ।	एल० सी० ई० एच०	दिसम्बर, 1961 से
	डिप्लोमा इन होम्योपैथी एण्ड बायोकैमिस्ट्री ।	डी० एच० बी०	अक्तूबर, 1955 से
10. कोर्ट आफ ऐग्जामिनर्स इन होम्योपैथी ।	फैलो आफ दि कोर्ट आफ एग्जामिनर्स इन होम्योपैथी ।	एफ० सी० ई० एच०	केवल मई, 1958 में
उड़ीसा			
11. उड़ीसा बोर्ड आफ होम्योपैथिक मैडिसन, भुवनेश्वर ।	डिप्लोमा इन होम्योपैथिक मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	डी० एच० एम० एस०	1973 से
उत्तर प्रदेश			
12. स्टेट बोर्ड आफ होम्योपैथिक मैडिसन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।	ग्रेजेएट आफ होम्योपैथिक मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	जी० एच० एम० एस०	1961 से 1963 तक
	बैचलर आफ मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	बी० एम० एस०	1958 से 1960 तक और 1970 से
	सर्टिफिकेट आफ होम्योपैथिक प्रैक्टिस ।	सी० एच० पी०	—
13. आगरा विश्वविद्यालय, आगरा ।	ग्रेजुएट आफ होम्योपैथिक मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	जी० एच०एम०एस०	1965 से 1967 तक
14. कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर ।	ग्रैजुएट आफ होम्योपैथिक मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	जी० एच० एम० एस०	1967 से
15. नेशनल होम्योपैथिक मैडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ ।		एच०एल०एम०एस०	1923 से 1936 तक
		एच० एम० डी०	1925 से 1942 तक
		एच० एम० बी०	1924 से 1949 तक
		बी० एम० एस०	1950 से 1957 तक
16. होम्योपैथिक मैडिकल कालेज, लखनऊ ।		एच० एम० बी०	1931 से 1936 तक
पश्चिमी बंगाल			
17. काउन्सिल आफ होम्योपैथिक मैडिसन, पश्चिमी बंगाल ।	डिप्लोमा एन मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	डी० एम० एस०	1965 से

1	2	3	4
18 जनरल काउंसिल एण्ड स्टेट फैकल्टी आफ होम्योपैथिक मेडिसन, पश्चिमी बंगाल ।	डिप्लोमा इन मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	डी० एम० एस०	1943 से 1964 तक ।
19. कलकत्ता होम्योपैथिक मैडिकल कालेज, कलकत्ता ।	बैचलर आफ होम्योपैथिक मैडिसन ।	एच० एम० बी०	1936 तक
	बैचलर आफ मैडिसन एण्ड बैचलर आफ सर्जरी ।	बी० एम० बी० एस०	1936 से 1942 तक
20. बंगाल एलेन होम्योपैथिक मैडिकल कालेज, कलकत्ता ।	बैचलर आफ होम्योपैथिक मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	बी० एच० एम० एस०	1942 तक
	मास्टर आफ होम्योपैथिक मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	एम० एच० एम० एस०	1942 तक
	लाइसेन्सिएट इन होम्योपैथिक मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	एल०एच०एम० एस०	1942 तक
21. डन्हैम होम्योपैथिक मैडिकल कालेज, कलकत्ता ।	मेम्बर आफ डन्हैम कालेज आफ होम्योपैथी ।	एम० डी० सी०एच०	1942 तक
22. आशुतोष होम्योपैथिक मैडिकल कालेज, कलकत्ता ।	प्रैक्टिशनर आफ रैशनल सिस्टम आफ मैडिसन ।	पी० आर०एस० एम०	1942 तक
	प्रैक्टिसनर आफ हीलिंग आर्ट ।	पी० एच० ए०	1942 तक
23. हैरिंग होम्योपैथिक मैडिकल कालेज, कलकत्ता ।	लाइसेन्सिएट आफ दि रैशनल् होम्योपैथिक सोसाइटी ।	एल० आर० एच० एस०	1942 तक
24. रेग्यूलर होम्योपैथिक मैडिकल कालेज, कलकत्ता ।	लाइसेन्सिएट इन होम्योपैथिक मैडिसन एण्ड सर्जरी ।	एच० एल०एम० एस०	1942 तक
25. सेन्ट्रल होम्योपैथिक कालेज, कलकत्ता ।	—	एच० एल० एम० एस०	1910
		एच० एम० बी०	1910
26. बंगाल होम्योपैथिक मैडिकल कालेज, कलकत्ता ।	बैचलर आफ होम्योपैथिक मैडिसन ।	एच० एम० बी०	1942 तक

तृतीय अनुसूची

(धारा 114 देखिये)

भारत के बाहर स्थित चिकित्सीय संस्थाओं द्वारा प्रदान की गई अर्हताएं

विश्वविद्यालय, बोर्ड या चिकित्सीय संस्था	मान्यताप्राप्त चिकित्सीय अर्हता	रजिस्ट्रीकरण के लिये संक्षिप्ताक्षर	टिप्पणियां
1	2	3	4
1. फैकल्टी आफ होम्योपैथी, लंदन ।	डिप्लोमा आफ दि फैकल्टी आफ होम्योपैथी ।	डी० एफ० होम०	—
2. फैकल्टी आफ होम्योपैथी, लंदन ।	मेम्बर आफ दि फैकल्टी आफ होम्योपैथी ।	एम० एफ० होम०	—
3. फैकल्टी आफ होम्योपैथी, लंदन ।	फैलो आफ दि फैकल्टी आफ होम्योपैथी ।	एफ० एफ० होम०	—

बी० एन० बनर्जी, सचिव ।

PRINTED BY THE MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1973